शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध

संख्या- 11/2165/26-2-2014

प्रेषक,

आलोक रंजन
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त,
उ0प्र0।

2- समस्त जिलाधिकारी,
उ0प्र0।

समाज कल्याण अनुभाग-2 लखनऊः दिनांक 25 अगस्त, 2014

विषयः- समाजवादी पेंशन योजना के अन्तर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों की जॉच/स्थलीय सत्यापन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-1512/26-2-2014-100(1)/2013, दिनांक 21.06.2014 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा समाजवादी पेंशन योजना के संचालन हेतु समय सारिणी निर्धारित की गई थी।

2- उक्त निर्धारित समय सारिणी के अनुसार समाजवादी पेंशन योजना के अन्तर्गत आवेदन पत्रों की जॉच/स्थलीय सत्यापन का कार्य दिनांक 15.08.2014 तक पूर्ण होना था। इस संबंध में जनपदों से अद्यतन स्थिति प्राप्त की गई है, जिसके अनुसार आवेदन पत्रों के जॉच/स्थलीय सत्यापन की स्थिति असंतोषजनक है।

3- समाजवादी पेंशन योजना के समयबद्ध एवं त्वरित क्रियान्वयन हेतु निर्धारित की गई समय सारिणी के अनुसार समस्त कार्यवाही प्राथमिकता पर पूर्ण करने हेतु समय-समय पर शासनादेशों के माध्यम से निर्देशित भी किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों के चयन हेतु समस्त प्रक्रिया दिनांक 10.11.2014 तक पूर्ण की जानी है।

4- उक्त के दृष्टिगत आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने जनपदों में प्राप्त आवेदन पत्रों की जॉच/स्थलीय सत्यापन का कार्य प्रत्येक दशा में दिनांक 25.08.2014 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। यह भी निर्देशित किया जाता है कि समाजवादी पेंशन योजना के प्रभावी एवं समयबद्ध संचालन हेतु यह आवश्यक है कि भविष्य में समाजवादी पेंशन योजना के संचालन हेतु शासन द्वारा निर्धारित समय सारिणी के अन्तर्गत कार्यवाही करना एवं नियमित रूप से अनुश्रवण किया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

आलोक रंजन
मुख्य सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

पृ0संख्या-2165(1)/26-2-2014 तददिनांक ।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- आयुक्त समाज कल्याण, उ0प्र0।

2- प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।

3- प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उ0प्र0 शासन।

4- निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।

5- समस्त नगर आयुक्त, उ0प्र0।

6- समस्त मुख्य विकास अधिकारी (नोडल अधिकारी, समाजवादी पेंशन योजना), उ0प्र0।

7- समस्त मण्डलीय उपनिदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0।

8- समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।

9- विभागीय पुस्तिका।

आज्ञा से,

के0 राम मोहन राव
सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in